
## संक्षिप्त

### दिनेश जोशी बने तहसील अध्यक्ष



**लालसोट, (निसं)।** स्थानीय दिनेश जोशी को विप्र फाउंडेशन तहसील लालसोट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विप्र फाउंडेशन दौसा के जिलाध्यक्ष कैलाश चंद तिवाडी की अभिशंसा व विप्र फॉउन्डेशन राजस्थान जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष आदरणीय वेदप्रकाश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री शान्तनु पाराशर की सहमति से दिनेश जोशी को विप्र फाउंडेशन लालसोट जिला दौसा के तहसील अध्यक्ष के दायित्व पर नियुक्त किया गया है। वहीं जोशी को विप्र फाउंडेशन राजस्थान तहसील लालसोट का अध्यक्ष बनाने के बाद विप्र बंधुओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### आशा नामा सदस्य मनोनीत



**मालपुरा, (निसं)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मालपुरा में गठित संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति में पालिका अध्यक्ष आशा नामा को आगामी तीन वर्ष के लिए सदस्य मनोनीत किया गया। नामा की सदस्य मनोनीत के जारी आदेशों के साथ समिति गठन से पूर्व में जारी 16 दिसम्बर 2020 के जारी आदेशों की निरन्तरता में संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आईबी कुमार केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान मालपुरा द्वारा 22 जून को जारी नवीन आदेशों में आंतरिक शिकायत समिति सदस्य के रूप में आशा नामा को मनोनीत किया गया।

### टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा-केकड़ी सड़क मार्ग पर संवारिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि गुरूवार की देर रात को संवारिया गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक कालूराम पुत्र शिवराज दरोगा निवासी सनोदिया की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लाम्बाहरिसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा।

### आज 5 घंटे बिजली कटौती रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** केकडी रोड 132 केवी जीएसएस पर विद्युत लाइनों के आवश्यक एवं अतिआवश्यक रखरखाव कार्य के चलते शनिवार को 5 घंटे विद्युत कटोती रहेगी। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय कनिष्ठ अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि शनिवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र मे विधुत कटोती रहेगी।

### मुस्लिम समाज का विवाह सम्मेलन कल

**टोंक, (निसं)।** ईसा फाउंडेशन फैजानुल कुरआन अहमदाबाद व इज्तेमाई शादी कमेटी टोंक की ओर से समस्त मुस्लिम समाज का पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रविवार को सै. फारुक अली एकेडमी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे टोंक पर आयोजित की किया जाएगा। यह जानकारी राजस्थान भिश्ती सुधार समाज समिति टोंक के जिलाध्यक्ष अ.रज्जाक ने दी।

### छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर स्थित श्री देव नारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में सत्र 2022- 23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रावास प्रवेश समिति ने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 25 जून से 5 जुलाई तक छात्रावास कार्यालय में भरकर जमा कराएं। प्रवेश वरीयता सूची 15 जुलाई को जारी होगी।

### वार्ड पंच का पद रिक्त घोषित

**टोंक, (निसं)।** पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 39 (2) के तहत प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान ने पंचायत समिति मालपुरा की ग्राम पंचायत लावा के वार्ड संख्या 15 के वार्ड पंच कजोडमल सैनी द्वारा त्याग पत्र दिए जाने के कारण पद रिक्त घोषित किया है।

# पेयजल समस्या से ग्रामीण परेशान, खेतों में लगे ट्यूबलों से पानी लाने को मजबूर

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत दांतिल में पिछले कई महीनों से पानी की समस्या के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीण कई किलोमीटर दूर खेतों से या जहां पानी मिल जाए वहीं से पानी लाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों की माने तो गांव में पेयजल की सप्लाई के लिए अन्य कोई सुविधा भी नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में-पिछले कई महीनों से पीने के पानी की समस्या चली आ रही है। पानी की समस्या के चलते कई बार

■ **अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का नहीं हुआ समाधान**

अधिकारियों से भी मिल कर अपनी समस्या को लेकर अवगत भी करवा चुके हैं लेकिन आज तक उनकी समस्या का हल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री जलजीवन मिशन योजना के तहत कार्य पूर्ण रूप से नहीं हुआ है। करीबन सप्ताह में एक बार ही पानी मिल पा रहा है वो भी सिर्फ एक दिन ही चल पाता है। उसके बावजूद भी गांव की महिलाएं व बच्चे-अपना घर का दूसरा काम छोड़ कर कई-कई किलोमीटर दूर-गांव के खेतों में बने नलकों व ट्यूबलों से पानी लाना पड़ता है। जिस के चलते अपनी बारी का इंतजार करने के लिए कई बार तो कई कई घंटों का इंतजार करना पडता है।



ग्राम पंचायत दांतलि में ग्रामीण गांव से दूर लगे नल से पानी भरते को मजबूर।

## पीएचसी को क्रमोन्नत करने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को स्थानीय अभिभाषक संघ कोषाध्यक्ष एड. दिनेश अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में लिखा है कि रघुनाथपुरा में राजमार्ग पर स्थित राजकीय पीएचसी को वर्ष 1962 में तत्कालीन विधायक व स्वतंत्रता सेनानी मुक्ति लाल मोदी के प्रयासों से भामाशाह सेठ गोविन्द राम परिवार द्वारा बनवाया गया था। लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि होने के बावजूद भी उक्त पीएचसी के क्रमोन्नत नहीं होने से सुविधाओं का निरन्तर अभाव बना हुआ है। जबकि वर्तमान में ओपीडी की संख्या लगभग 150 है। पीएचसी रघुनाथपुरा स्टैण्ड पर राजमार्ग के पास स्थित है। जहां से करीब दो दर्जन से अधिक गाँवों व ढ्राणियों के लोग आते-जाते है। जिन्हें उपचार के लिए मजबुरन कोटपूतली व पावटा आना-जाना पड़ता है। राजमार्ग की वजह से सडक हादसों की स्थिति में हालात और भी गंभीर हो जाते है। अत: उक्त पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करते हुए समुचित स्टाफ, जांच मशीनों की मूलभुत सुविधा प्रदान कर दी जायें।

## विद्यालय के खेल मैदान का रास्ता खोलने की मांग

**बहरोड/मुंडावर, (निसं)।** अलवर जिले के मुंडावर तहसील के पदमारा खुर्द के ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल के मैदान के रास्ते पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा पक्का निर्माण आदि करके रास्ते पर अतिक्रमण करने की अलवर जिला कलेक्टर के कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

सरपंच अनिल कुमार आदि के नेतृत्व में ग्राम पंचायत की तरफ से सरकारी विद्यालय के खेल के मैदान के रास्ते को बंद करने वाले अतिक्रमणकारियों से अतिक्रमण हटाने व खेल के मैदान का रास्ता खोलने की मांग करते हुए शिकायत की। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि करीबन 9 बीघा में खेल का मैदान है। जिस पर 2016 में निर्माण कर खेल मैदान के रास्ते को बंद कर दिया था तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के बार बार एसडीएम, संभागीय आयुक्त , जिला शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को खेल के मैदान के रास्ते को खुलवाने के लिए शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

2021 में प्रशासन गांव के संग अभियान में भी सात बार ग्राम पंचायत सरपंच तथा ग्रामीण व प्रधानाध्यापक अधिकारियों से मिले और आश्वासन के बाद आज तक कुछ भी नहीं हो पाया है। सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमाडा खुर्द के रास्ते को खुलवाने के लिए सरपंच ग्राम पंचायत माजरी खोला के साथ ही रामभरोस पंच, मनीष उपसरपंच, विक्रम सिंह पंच, ईश्वर सिंह पंच सहित बनवारी, नंदराम, सरजीत, नित्यानंद, जयप्रकाश, कैलाश आदि लोगों ने समस्त ग्राम वासियों की तरफ से लिखित में शिकायत देकर जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए कार्यवाही करने की मांग करते हुए अतिक्रमण हटवाने के लिए निवेदन किया।

# गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रशिक्षणार्थी रवाना

**टोंक, (निसं)।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय जयपुर के माध्यम से महात्मा गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर संभाग स्तर पर 25 से 27 जून 2022 तक शिविर स्थल महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में आयोजित किया जायेगा।

जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देशानुसार टोंक जिले से भी इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रत्येक उपखंड से 7-7 गैर सरकारी सदस्य प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं नोडल प्रभारी परशुराम धानका ने बताया कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बस के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को गन्तव्य स्थल की ओर रवाना किया गया। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जिला टोंक के संयोजक अनुराग गौतम ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, सिद्धान्तों एवं विचारों तथा राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी प्रशिक्षण शिविर अजमेर संभाग मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांधी दर्शन को जीवनदर्शन बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को जन कार्यक्रम बनाये जाने की आवश्यकता है।




जिला कलेक्टर ने हरि झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।

# मांडकला नगर फोर्ट एवं बीसलपुर में विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ के प्रस्ताव भिजवाए

**टोंक, (निसं)।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2022-23 में प्रत्येक जिले में दो विकास कार्य चयनित कर 3 करोड़ रूपए का विकास कार्य करवाये जाने की घोषणा की गई थी। जिसके तहत जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने विगत जिला पर्यटन विकास समिति की बैठकों में संबंधित अधिकारियों को जिले में पर्यटन विकास को लेकर आवश्यक निर्देश दिए थे।

जिसमें मिनी पुष्कर, पुष्कर सरोवर मांडकला नगर फोर्ट एवं बीसलपुर में विकास कार्य करवाये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत माण्डकला नगर फोर्ट में पुष्कर के घाटों का विकास, नाव के संचालन के लिए जेटी, हाई मास्ट लाइट, पर्यटकों के लिए जनसुविधाएं, सरोवर अंदर स्थित द्वीप को द्वीप गार्डन और बच्चों के मनोरंजन के लिए सुविधाएं विकसित करने के लिए दो करोड़ रूपये के प्रस्ताव बनवाए गए है। साथ ही बीसलपुर में जिप लाइन की एडवेंचर एक्टिविटी विकसित करने एवं मिनी गोवा मे लेण्ड स्पेकिंग कार्य, सेण्डबीच, वॉच टावर, भैरूजाम झरने तक जाने वाले रास्ते को विकसित करवाये जाने के के लिए 1 करोड रूपये के प्रस्ताव वन विभाग के माध्यम से बनवाकर पर्यटन विभाग जयपुर को स्वीकृति के लिए भिजवा दिया गया है।

■ **टोंक जिले में पर्यटन को लगेंगे पंख**

पर्यटक स्वागत केन्द्र सवाई माधोपुर के सहायक निदेशक मधुसूदन ने बताया कि मांडकला नगर फोर्ट पर पर्यटक सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 202.78 लाख रूपये व्यय किए जाऐंगे। जिसमें पुष्कर तालाब पर घाटों एवं जेटी का निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्य पर 102.78 लाख, टॉयलेट ब्लांक निर्माण कार्य पर 7 लाख, पार्किंग निर्माण व यात्री षेड निर्माण कार्य पर 36 लाख, दो हाई मास्ट लाईट पर 7 लाख, पुष्कर तालाब के अंदर स्थित द्वीप पर इन्टर लोकिंग व सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य पर 33 लाख, द्वीप पर विकसित किये जाने वाले पार्क में विभिन्न मनोरंजन सुविधाऐ झूला-चकरी आदि के लिए 17 लाख रूपये व्यय किए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि बीसलपुर बांध पर जीप लाईन की सुविधा एवं पर्यटन विकास कार्यो के लिए 1 करोड रूपये व्यय किए जाऐंगे।

सहायक निदेशक ने बताया कि इसके अतिरिक्त ईको ट्यूरिज्म के अन्तर्गत टोंक जिले में लवकुष वाटिका, बीसलपुर, मिनी गोवा, राजमहल, इत्यादि पर्यटक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। जिसके तहत ईकोट्रेल, कैपिंग, वोट सफारी इत्यादि गतिविधियां विकसित की जा रही है। जिले में ईको पर्यटन की दृष्टि से बीसलपुर बांध एवं राजमहल वन क्षेत्र में बहुत अधिक संभावना है। बीसलपुर बांध एवं मिनी पुष्कर तालाब माण्डकला नगर फोर्ट में बोटिंग व अन्य गतिविधियों को प्रारंभ किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। बजट घोषणा 2021-2022 के तहत राजस्थान में 6 हजार नवीन पर्यटन गाईड भर्ती करने की घोषणा की गई है।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाएगा

**पावटा, (निसं)।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों से किया संपूर्ण कर्जा माफी का वादा पूरा नहीं करने पर भाजपा किसान मोर्चा जिला जयपुर देहात उत्तर द्वारा सभी ग्रामस्तर तक मंडलवार हस्ताक्षर अभियान 25 जून से 25 अगस्त तक चलाएगा जायेगा।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला जयपुर देहात उत्तर कैलाश ताखर के नेतृत्व में 25 जून से संपूर्ण प्रदेश में मंडल स्तर तक हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत होगी भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला जयपुर देहात उत्तर कैलाश ताखर ने बताया कि किसानों द्वारा की गई कर्ज माफी की वादाखिलाफी के तहत किसानों में आक्रोश प्रकट करने के लिए हस्ताक्षर अभियान की जानकारी देते हुए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक मंडल स्तर तक हस्ताक्षर अभियान के प्रपत्र को पूरे 2 महीने तक चलाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा उसकी निगरानी हेतु भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मंडलवार जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए अवगत कराया।

ताखर ने बताया कि वर्तमान गहलोत सरकार राजस्थान की सबसे नकारा, भ्रष्ट, महिलाओं के प्रति असंवेदनशील व वादा खिलाफी वाली सरकार है। इस राज्य में हर विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। महिला उत्पीड़न में देश में अव्वल है। यह केवल होटलों में बंद रहने वाली सरकार है।

भारतीय जनता पार्टी पुरजोर तरीके से इसकी खिलाफत करती है। इस मौके पर वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, महामंत्री एससी मोर्चा बद्री प्रसाद चौहान, जिला सयोंजक लघु उद्योग प्रकोष्ट रोहिताश ताखर, सामाजिक कार्यकर्ता काशीराम लबोरा, कृष्ण कुमार ओला, महेंद्र स्वामी, रोशन लाल सैनी, मुकेश राठी, पुरण यादव, ज्ञान चंद सैनी, रिक्की शर्मा, नीरज चौहान, जितेंद्र स्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घटिया निर्माण की शिकायत पर नए बन रहे पंचायत भवन का निरीक्षण किया

**डिग्गी, (निसं)।** डिग्गी ग्राम पंचायत में नए बन रहे पंचायत भवन को लेकर लोकायुक्त के द्वारा नियुक्त टीम ने शुक्रवार को डिग्गी गांव पहुंचकर जांच की।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिप्रा जैन, एक्शन गोपाल गुर्जर, एईयन महेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त विकास अधिकारी बलराम मीणा, सहायक विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार मीणा,जेईएन युवराज सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने नए बन रहे ग्राम पंचायत के भवन को लेकर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

डिग्गी उपसरपंच विजयनारायण शर्मा एवं सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत के नए बन रहे पंचायत भवन में ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्यों में डस्ट काम में लेने की शिकायत की गई थी। वहीं शिकायत के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों को तुड़वाया भी था परन्तु निर्माण कार्य को नींव से नहीं तोड़ा गया। इसी को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा लोकायुक्त में शिकायत की थी। इस पर लोकायुक्त ने टीम गठित कर डिग्गी भेजी। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिप्रा जैन ने मौके पर जेसीबी मशीन बुलवाकर नए बन रहे पंचायत भवन की नींव को तोडकर नमूने संग्रहित किए। वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीण मालपुरा पंचायत समिति उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, डीआर प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, डिग्गी उपसरपंच विजयनारायण शर्मा, अरविंद शर्मा उर्फ कल्लू मामा,वार्ड पंच मुकेश शर्मा आदि मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण साम्रगी काम में ली जा रही है इसी को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उच्चाधिकारीयों से लेकर लोकायुक्त शिकायत की गई है। परन्तु किसी भी प्रकार की अब तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। वही लोकायुक्त शिप्रा जैन को लेकर भी ग्रामीणो ने मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोकायुक्त की कार्यवाही से सतुष्ट नहीं हैं। वही मौके पर डिग्गी थाना पुलिस का जाब्ता भी मौजूद रहा।



डिग्गी ग्राम पंचायत में नए बन रहे पंचायत भवन की लोकायुक्त के द्वारा नियुक्त टीम ने जांच की।

■ **लोकायुक्त द्वारा नियुक्त टीम डिग्गी पहुंची**

## फुटपाथ व नालों पर सामान रखा तो जब्त होगा

**मालपुरा, (निसं)।** शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था का मूल कारण बने फुटपाथ पर हुए अस्थाई अतिक्रमणों पर कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी कैलाश विश्नोई व यातायात पुलिस टीम प्रभारी श्रीराम चौधरी की टीम ने कार्यवाही करते हुए सामान हटवा कार्यवाही की चेतावनी दी। यातायात प्रभारी श्रीराम चौधरी ने बताया कि व्यापारियो द्वारा दुकान के सामने फुटपाथ व सडक सीमा मे सामान जमा अस्थाई अतिक्रमण कर लेने से यातायात व्यवस्थाए प्रभावित हो रही थी। जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशो व एएसपी के आदेशो पर शुक्रवार को अभियान चला डेयरी चौराहे से ट्रक स्टेण्ड व ज्योति मार्केट मुख्य बाजार मे फुटपाथ पर हुए अतिक्रमणो पर कार्यवाही करते हुए सामान हटवाये गये तथा दोबारा फुटपाथ पर सामान मिलने पर सामान जप्ती की चेतावनी दी। एकाएक पुलिस कार्यवाही से कई व्यापारियो मे स्वंय फुटपाथ से सामान हटा लिये तो कई पर पुलिस ने सख्ती दिखा सामान हटवाये।

## सार-समाचार

### 'अग्निपथ' योजना को रद्द करने की मांग



**सांभरझील, (निसं)।** पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय अनिल चौपड़ा ने केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना में भर्ती की पुरानी पद्धित को खत्म कर अग्निपथ योजना को लागू करने का विरोध जताया है, उन्होंने कहा कि इस योजना को लाकर देश के जवान और किसान के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड करना चाहती है तथा थल सेना और वायु सेना में जो पक्की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसमें जवानों के फाइनल टेस्ट व नियुक्ति पत्र जारी करने बाकी थे उसे भी रद्द कर दिया गया है। इस मामले में शुक्रवार को फुलेरा विधान सभा के अनेक युवाओं ने उनकी मौजूदगी में तहसीलदार हरिसिंह राव को राष्ट्रपति के नामज्ञापन सौंपा एवं इस कानून को रद्द करने के लिए अपील की। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय सांभर छात्रसंघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, पंचायत समिति सदस्य धन्नालाल नौदल,प्यारे लाल वर्मा, दिनेश गुर्जर कैलाश जाखड़, विक्रम गुर्जर, मुकेश कुमार, जीशान खान, रोहित शर्मा, नरेंद्र भामू, सुनील चौधरी, राजेश रोलानिया, पवन चूला, मुकेश जीतरवाल, हेमंत नौदल, रामराज गुर्जर, भागचंद सांवरिया, विष्णु जांगिड़ सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण एवं जांच शिविर जारी

**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट गाइड जिला एसोसिएशन के तत्वावधान में स्काउट डेन फुलेरा पर चल रहे जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में स्काउट गाइड्स ने अपने पाठ्यक्रमनुसार हाइकिंग गतिविधि में भाग ले रहे है। स्काउट के घनश्याम कुमावत ने बताया कि शुक्रवार को स्काउट गाइड्स ने कस्बे के निकट स्थित प्रसिद्ध शाकंभरी माता के मन्दिर की पहाड़ी पर ट्रैकिंग की। साथ ही दिशा बोध हेतु केम्पस की जानकारी ली। वहीं आगे बताया कि स्काउट गाइड्स ने विश्वप्रसिद्ध रामसर साइट सांभर झील का अवलोकन किया साथ ही इसमें आने वाले प्रवासी पक्षियों की भी जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में सांयकाल स्काउट डेन पर कैंप फायर का आयोजन किशन लाल मीना(एस एस ई/सी एण्ड डब्लू), संजय चौधरी(एस एस ई/ टी आर डी), आशीष शर्मा(जे ई/ टी आर डी) के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कैंप फायर में स्काउट गाइड ने गणेश वंदना, जुलु आदिवासी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, युवाओं में बढ़ रहे मानसिक तनाव के कारण एवं निवारण विषय पर लघु नाटिका आदि प्रस्तुत किये।

### राकेश सामोता अध्यक्ष बने

**पावटा, (निसं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जयपुर जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जयपुर देहात उत्तर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा व प्रागपुरा मण्डल अध्यक्ष जयराम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार युवा मोर्चा प्रागपुरा मण्डल अध्यक्ष राकेश सामोता ने कार्यकारिणी की टीम गठित कर राकेश सामोता को जोधपुरा अध्यक्ष, कृष्ण कुमार सैनी को प्रागपुरा उपाध्यक्ष, रामशरण गुर्जर को मंढा उपाध्यक्ष, विनोद यादव को प्रेमनगर उपाध्यक्ष, मुकेश सिंह को कारोली उपाध्यक्ष, शेरसिंह गिठाला को बडनगर महामंत्री, रणधीर सिंह शेखावत को पाछुडाला महामंत्री, रोशन सैनी को चौबाला मंत्री, भीम सिंह गढवाल को भाकरी मंत्री, नवीन सैनी राजनौता मंत्री, रोहित शर्मा प्रागपुरा को मीडिया प्रभारी, दिनेश टांक को जोधपुरा कोषाध्यक्ष, संतोष सिंह कैरोडी को आईटीसेल, विकास मीणा को वीटी नगर कार्यालय प्रभारी व भीम सिंह शेखावत जोधपुरा, हरीसिंह तँवर चौ बाला, जयसिंह गिठाला भांकरी, विष्णु सिंह कैरोडी, वीरेंद्र सिंह राजनौता, धर्मपाल सिंह, कैलाश स्वामी पाछुडाला, विक्रम पलसानिया प्रेमनगर, संजू कपुरिया किराडोद का सदस्य मनोनीत किया गया है।

### गौशाला में हरा चारा भेजा

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत पंडितपुरा निवासी भामाशाह लीलाराम स्वामी द्वारा श्री कृष्णा गौशाला प्रागपुरा में गौवंश की सहायता के लिए 2 बीघा जमीन पर उगाये गये, हरे चारे को संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति संकल्प हरियाली समिति के संयोजक नीरज सैन, संकल्प गौसेवा समिति के संयोजक सुभाष यादव, पंकज जिंदल, रामकरण राठी, लोकेश टांक, हरिराम सैनी सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से कटवाकर- गौशाला भेजा गया। जिस पर प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, गौशाला अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा एसएचओ किरण सिंह, लक्ष्मण सिंह, विक्रम यादव, सुभाष यादव, कैलाश यादव, मामराज यादव, शिवपाल, रामकुवार, कमलेश, शिवपाल राठी सहित स्थानीय निवासियों और गौशाला प्रबंधन ने भामाशाह का आभार जताया।

### प्रवेशोत्सव मनाया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ब्लॉक के आंगनबाड़ी पाठशालाओं व नंद घरों पर अन्नप्राशन व प्रवेशोत्सव मनाया गया। निकटवर्ती ढाणी जय राम का वाली आंगनबाड़ी केंद्र में दो गर्भवती व तीन धात्री, 20 अन्य ने भाग लिया वहीं नांगल भीम बी पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नितिन पुत्र सुनिल कुमार का अन्नप्राशन करवाया गया। समारोह के दौरान 2 गभवती, 3 धात्री, तथा 20 अन्य महिलाओं ने भाग लिया साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ता फूलवती सैनी ने सभी महिलाओं को अन्नप्राशन के बारे में बताया गया व बच्चों को उचित पोषण हेतु फल, दूध, उपमा इत्यादि खिलाने की बात बताई गई। आंगनबाडी पाठशाला पीएचईडी बराल्या हासपुर मेंअन्नप्राशन एवं प्रवेशोत्सव दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में वार्ड पंच विकास सैनी आंगनबाडी कार्यकर्ता सुमन शर्मा द्वारा द्वंश पुत्र बजरंग लाल सैनी के छह महा पूर्ण होने पर खिचडी खिला कर अन्नप्राशन कार्यक्रम और नरेश सैनी पुत्र जगदीश सैनी को माला पहनाकर भेंट स्वरूप कटोरी चम्मच,पुस्तक देकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को कोविड-19 वैक्सीनेशन करवाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में साहायिकासुनीता सैनी मंजू देवी मीनू सैनी विकास सैनी ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित हुए। उपस्थित सदस्यों को भेंट स्वरूप फलों का वितरण किया गया।

### नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**खैरथल, (निसं)।** स्वामी हिरदारम महाराज पुष्करराज के आशीर्वाद से स्वामी संत सिद्ध भाऊ जी के प्रेरणा व मार्गदर्शन से सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी रोड जयपुर के तत्वावधान में जीव कल्याण सेवा समिति के सहयोग से विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 25 जून को अर्जुन हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में होगा। संस्था के प्रभारी राजकुमार केसवानी ने बताया मोतियाबिंद के ऑपरेशन , दवाइयां ,नजर के चश्मे निशुल्क दिए जाएंगे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बबीता जी व दंत चिकित्सक डॉक्टर जमुना दास आहूजा जी अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे समय पर आकर शिविर का लाभ उठाएं कशिश बोदवानी ने बताया जिन मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जायेगा उन मरीजों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया जाएगा।

### छह घंटे बिजली बन्द रहेगी

**खैरथल, (निसं)।** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 220केवी जीएसएस किशनगढ़बास सहित 132 और 33 केवी जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत किए जाने के कारण 26 जून को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जीएसएस के अधिशाषी अभियंता द्वारा जारी विज्ञिप्त में उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि इससे तिजारा, कजारिया किशनगढ़बास, खैरथल व रीको, चिकानी, हरसौली, ककराली, राता खुर्द, कोलगांव के जी एस एस से जुडे इलाके प्रभावित रहेंगे।